प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 21.10.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–दुनियाभर में चल रही चुनौतियों के बीच भारत स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा हैं
- बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए नामांकन भरने का काम पूरा–कुल 21 प्रत्याशियों ने 32 नामांकन पत्र दाखिल कियें
- देशभर में आज पुलिस शहीद दिवस पर ड्यूटी पर शहीद हुए पुलिस जवानों को याद किया गयां
- दीपोत्सव के तहत कल गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के आयोजन होंगे–पुष्कर पशु मेला भी कल सें

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ऐसे समय में स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा है, जब दुनिया कई संकटों से गुजर रही हैं दीपावली पर देशवासियों को लिखे पत्र में, श्री मोदी ने कहा कि भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं उन्होंने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत की इस यात्रा में, राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना हम सबकी पहली जिम्मेदारी हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दीपावली इसलिए विशेष है, क्योंकि पहली बार देश के उन दूर–दराज इलाकों सहित कई जिलों में भी उत्सव का महौल है, जहां कभी नक्सलवाद और माओवादी आतंक हुआ करता थां उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों से अब आतंक का जड़ से सफाया हो चुका हैं

0000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए नामाकंन भरने का काम पूरा हो गया हैं आज अंतिम दिन 9 लोगों ने 15 नामांकन पत्र दाखिल किएं इसके साथ ही उपचुनाव के लिए कुल 21 प्रत्याशियों ने 32 नामांकन पत्र भरे हैं और ब्योरा हमारे संवाददाता से–

.....

इस बीच उपचुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर सुभाश्री नंदा ने कल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों और चेक पोस्टों का निरीक्षण कियां
इस दौरान उन्होंने चुनाव तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिएं उन्होंने मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, शेड, व्हीलचेयर और प्रतीक्षा स्थल जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का जायजा लियां

00000

देशभर में आज पुलिस शहीद दिवस पर ड्यूटी पर शहीद हुए पुलिस जवानों को याद किया गयां इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गयें नई दिल्ली के राष्ट्रीय समर स्मारक पर आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिरकत कीं समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सेना और पुलिस अलग–अलग मंचों पर कार्य करते हैं, लेकिन उनका लक्ष्य एक ही है और वह है राष्ट्र की सुरक्षा बनाए रखनां उन्होंने सशस्त्र बलों और पुलिस बलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के स्तंभ बतायां

.....

कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार, गृह सचिव गोविंद मोहन और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुएं इधर प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रम रखे गयें जयपुर की राजस्थान पुलिस अकादमी में हुए समारोह के दौरान 191 शहीद पुलिसकर्मियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गयां पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने एक सितम्बर 2023 से 31 अगस्त 2024 की अवधि में राष्ट्र सेवा में वीरगति प्राप्त करने वाले इन जवानों के योगदान को याद कियां

विभिन्न जिलों की पुलिस लाईन में समारोह आयोजित कर पुलिस कर्मियों के बलिदान को नमन किया गयां साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाये गये और पौधे रोपे गएं

0000

देश में नये आपराधिक कानूनों के लागू होने का एक वर्ष पूरा होने पर जयपुर में लगायी गई प्रदर्शनी आज सम्पन्न हुईं सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आज अंतिम दिन इस प्रदर्शनी को देखने बडी संख्या में लोग पंहुचें नव विधान–न्याय की नई पहचान थीम पर ये प्रदर्शनी राजस्थान पुलिस की ओर से 13 अक्टूबर से लगायी गईं इस हाईटैक प्रदर्शनी में नये आपराधिक कानूनों को समझने और पुलिस की कार्यशैली को करीब से जानने का मौका मिलां प्रदर्शनी के माध्यम से संदेश दिया गया कि नये कानून नागरिक और पीड़ित केन्द्रित हैं ये सिर्फ दंड नहीं बल्कि न्याय, संवेदना और सुरक्षा की नई सोच लेकर आए हैं

0000

प्रदेश में दलहन और तिलहन की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए किसान कल से फिर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं गौरतलब है कि ये प्रकिया 18 अक्टूबर से शुरू हुई थीं दीपावली पर्व के मद्देनजर कल और आज के लिए इसे स्थगित रखा गया थां मूंग, मूंगफली, उड़द और सोयाबीन की एमएसपी पर खरीद के लिए अब तक 60 हजार से अधिक किसानों ने पंजीकरण करवाया हैं

000

प्रदेशभर में दीपोत्सव का उल्लास छाया हुआ हैं आज कुछ स्थानों पर गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के आयोजन हो रहे हैं कई स्थानों पर ये पर्व कल मनाया जाएगां नाथद्वारा स्थित श्रीनाथजी मंदिर में अन्नकूट उत्सव में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं राजधानी जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में कल अन्नकूट महोत्सव मनाया जायेगां ग्रामीण क्षेत्र में गोवर्धन पूजा के लिए पशुधन को सजाया गया हैं पाली में प्राचीन परम्परा के अनुसार आज बैलों की पूजा की जा रही हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां बैल दौड़ प्रतियोगिता रखी गईं इस अवसर पर बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें

....

इस बीच दीपावली के बाद आज लोग एक–दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं अधिकतर स्थानों पर दीवाली की रामा–श्यामा और मेल मुलाकात का दौर चल रहा हैं केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बीकानेर में बीएसएफ के जवानों से मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में लोगों को दिवाली की बधाई दी और कहा कि कोटा में हर क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए विकास किया जायेगां

....

दीपोत्सव की श्रंखला में 23 अक्टूबर को भाईदूज का पर्व मनाया जायेगां

000

प्रदेशभर के पर्यटन स्थल दीपावली की छुटि्टयां मनाने आये सैलानियों से गुलजार हैं हमारे सिरोही संवाददाता ने बताया कि माउंटआबू में गुजरात सहित अन्य राज्यों से बडी संख्या में पर्यटक पंहुचे हैं जिला प्रशासन ने पर्यटकों की सुविधाओं के विशेष इंतजाम किए हैं

.....

000

विश्व विख्यात पुष्कर पशुमेला कल से शुरू हो रहा हैं 7 नवम्बर तक चलने वाले इस मेले के लिए विभिन्न स्थानों से पशुपालक अपने पशुओं को लेकर पुष्कर पंहुच रहे हैं वहीं पहले से पंहुचे पशुपालकों ने अपने अस्थायी बसेरे बना लिए हैं इसके साथ ही रेतीले धोरे आबाद नजर आने लगे हैं

.....

तीस अक्टूबर को ध्वजारोहण के साथ पुष्कर धार्मिक मेले की औपचारिक शुरुआत होगीं

000

राज्य में आज कई स्थानों पर मौसम में बदलाव आया हैं कुछ स्थानों पर आज बादल छाये रहें वहीं शेखावाटी क्षेत्र और बीकानेर, जयपुर, उदयपुर तथा भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं बूंदाबांदी हुई श्रीगंगानगर के पदमपुर क्षेत्र में हल्की से मध्यम बरसात हुईं मौसम विभाग के अनुसार कल भी कुछ

स्थानों पर बादल छाये रह सकते हैं इस बीच अधिकांश हिस्सों में दिन और रात का तापमान सामान्य के आस–पास बना हुआ हैं दिन का तापमान 35 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ हैं हालांकि कुछ स्थानों पर रात के समय ठंडक महसूस की जा रही हैं सबसे कम 15 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस तापमान सिरोही में रिकॉर्ड हुआं

0000

प्रदेश में सर्दी की आहट के साथ ही प्रवासी परिंदों की दस्तक शुरू हो गई हैं सुदुर देशों से ये पंछी सर्दियां बिताने राज्य के विभिन्न जलस्त्रोतों और वेटलेंन्डस पर पंहुच रहे हैं

हमारे संवाददाता ने बताया कि भरतपुर के केवलादेव नेशनल पार्क में अनेक प्रवासी पक्षियों का कलरव गूंजने लगा हैं इन्हें देखने के लिए पक्षी प्रेमी और पर्यटक पार्क में पंहुच रहे हैं

....

0000